**राइट्स लिमिटेड**
**(भारत सरकार का प्रतिष्ठान)**
**शिखर, प्लॉट नंबर 1, सेक्टर - 29, गुड़गांव - 122001**

राइट्स
इंफ्रास्ट्रक्चर विशेषज्ञ

**गुजरात में परियोजनाओं के लिए आईडीए वेतनमान में संविदा आधार पर पेशेवरों की भर्ती**
**(किसी प्रकार की विवादपूर्ण स्थिति में अंग्रेजी का मूल पाठ मान्य होगा)**

भारत सरकार रेल मंत्रालय के अंतर्गत नवरत्न केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम राइट्स लिमिटेड, परिवहन, इंफ्रास्ट्रक्चर और संबंधित प्रौद्योगिकियों में बहु-विषयक परामर्शदात्री संगठन है।

## महत्वपूर्ण तिथियां

| क्र. सं. | विवरण | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | **ऑनलाइन आवेदन एवं शुल्क भुगतान प्रारम्भ होने की तिथि** | **25.05.2026** |
| 2 | **ऑनलाइन आवेदन एवं शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि** | **21.06.2026** |
| 3 | **लिखित परीक्षा की तिथि** | **बाद में सूचित किया जाएगा** |
| 4 | **साक्षात्कार की तिथि** | **बाद में सूचित किया जाएगा** |

राइट्स लिमिटेड को प्रतिभावान और परिश्रमी पेशेवरों की निम्नानुसार तत्काल आवश्यकता है

| वी.सी. नं. | पद | रिक्तियों की संख्या | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनारक्षित | ईडब्ल्यूएस | अपिव (एनसीएल) | अजा | अजजा | कुल |
| सीपी/10/26 | प्रबंधक - सिविल | 01 | - | - | - | - | 01 |
| सीपी/11/26 | इंजीनियर - सिविल | 01 | - | - | - | - | 01 |

## आयु सीमा

| अधिकतम आयु | उम्र की गणना के लिए कट-ऑफ तारीख |
|---|---|
| 40 | आवेदन की अंतिम तिथि अर्थात् **21.06.2026** के अनुसार |

## न्यूनतम अर्हता और अनुभव

| वीसी सं. | पदनाम | न्यूनतम शैक्षिक अर्हता * | अर्हता पश्चात् न्यूनतम अनुभव |
|---|---|---|---|
| सीपी/10/26 | प्रबंधक - सिविल | सिविल इंजीनियरिंग में पूर्णकालिक स्नातक डिग्री | एसटीपी/डब्ल्यूटीपी/ड्रेनेज/एमपीएस/ डब्ल्यूएसएस/जलापूर्ति भवन/ सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट/ अवसंरचना/ भवन कार्यों में न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| सीपी/11/26 | इंजीनियर - सिविल | सिविल इंजीनियरिंग में पूर्णकालिक स्नातक डिग्री | एसटीपी/डब्ल्यूटीपी/ड्रेनेज/डब्ल्यूएसएस/ जलपूर्ति भवन/सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट/अवसंरचना/भवन कार्यों में न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव। |

**नोट: प्रशिक्षण (ऑन द जॉब ट्रेनिंग को छोड़कर) / इंटर्नशिप / शैक्षणिक / एकेडमिक / फेलोशिप / पीएचडी शोध अनुभव के भाग के रूप में नहीं गिना जाएगा।**

*अनारक्षित/ईडब्ल्यूएस श्रेणी के उम्मीदवारों (एवं अजा/अजजा/अपिव(एनसीएल)/पीडब्ल्यूडी श्रेणी के उम्मीदवारों, जो अनारक्षित पद के लिए आवेदन कर रहे हैं) के पास अनारक्षित पद के लिए विचार किए जाने के लिए न्यूनतम अर्हता में प्रथम श्रेणी डिग्री /कम से कम 60% अंक होने चाहिए।

आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों (अजा/अजजा/अपिव(एनसीएल)/पीडब्ल्यूडी, जैसा लागू हो) के पास आरक्षित पद के लिए विचार किए जाने के लिए न्यूनतम अर्हता में कम से कम 50% अंक होने चाहिए।

उम्मीदवार के पास एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त डिग्री होनी चाहिए; जो भारत में केंद्रीय या राज्य विधानमंडल के एक अधिनियम द्वारा गठित विश्वविद्यालय या संसद के एक अधिनियम द्वारा स्थापित अन्य शैक्षिक संस्थान या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, **1956** की धारा **3** के तहत डीम्ड विश्वविद्यालय घोषित किया गया हो।

इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) के सेक्शन ए और बी की परीक्षा, जिसे भारत सरकार द्वारा डिग्री के बराबर माना जाता है और एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त है, उसे भी स्वीकार किया जाएगा।

**यदि प्रमाणपत्र या अंकपत्र में प्रथम श्रेणी/डिवीजन या प्रतिशत नहीं बताया गया है, तो उम्मीदवार को संबंधित विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा जारी सीजीपीए/डीजीपीए/आदि से प्रतिशत निकालने का रूपांतरण फ़ॉर्मूला देना होगा। ऐसे मामलों में जहाँ विश्वविद्यालय/संस्थान के पास रूपांतरण फ़ॉर्मूला नहीं है, वहाँ विश्वविद्यालय/संस्थान के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा हस्ताक्षरित एक वचनपत्र जमा करना होगा, और फिर 10- प्वांइट स्केल पर कम से कम 6 को 60% माना जाएगा।**

## चयन प्रक्रिया

चयन प्रक्रिया में निम्नलिखित शामिल होंगे -

**क) लिखित परीक्षा:**

प्रश्नपत्र 2.5 घंटे का होगा, जिसमें 125 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे, प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। नकारात्मक अंक प्रणाली लागू नहीं है, अतः ग़लत उत्तर के लिए कोई अंक नहीं काटे जाएंगे। पीडब्ल्यूडी श्रेणी के उम्मीदवार 50 मिनट के अतिरिक्त प्रतिपूरक समय के लिए पात्र हैं।

अभ्यर्थी को अगली परीक्षा के लिए पात्रता प्राप्त करने हेतु लिखित परीक्षा में अनारक्षित/ईडब्ल्यूएस के लिए न्यूनतम 50% (आरक्षित पदों हेतु अजा/अजजा/अपिव (एनसीएल)/पीडब्ल्यूबीडी के लिए 45%) अंक प्राप्त करने अपेक्षित हैं।

**ख) साक्षात्कार:**

जितने रिक्त पद हैं, उसके 1:6 के अनुपात में उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।

चयन के विभिन्न मापदंडों का भारांक वितरण निम्नानुसार होगा:

लिखित परीक्षा - 60%

साक्षात्कार - 40%

(तकनीकी और व्यावसायिक क्षमताएँ - 30%; व्यक्तित्व, संप्रेषण कौशल और क्षमता - 10%)

कुल - 100%

साक्षात्कार में अनारक्षित/ईडब्ल्यूएस के लिए न्यूनतम 60% अंक (आरक्षित पदों के लिए अजा/अजजा/अपिव (एनसीएल)/पीडब्ल्यूडी के लिए 50%) उम्मीदवार को पैनल में शामिल करने के लिए विचार किए जाने हेतु आवश्यक होगा।समग्र रूप से कोई न्यूनतम अर्हक अंक आपेक्षित नहीं हैं।

**राइट्स की आवश्यकता और विवेक के आधार पर, लिखित परीक्षा या दस्तावेज सत्यापन या साक्षात्कार का चयन प्रक्रिया राइट्स के क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित किया जा सकता है, जिसकी सूचना संबंधित उम्मीदवारों को संबंधित कॉल लेटर जारी होने पर दी जाएगी।**

उम्मीदवारों के पास चयन प्रक्रिया के लिए हिंदी या अंग्रेज़ी में साक्षात्कार देने का विकल्प होगा:

## छूट और रियायतें

ईडब्ल्यूएस/अजा/अजजा/अपिव(एनसीएल)/दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूडी)/पूर्व-सैनिक/ जम्मू-कश्मीर अधिवासी को सरकार के प्रचलित आदेशों के अनुसार आरक्षित पद (जहां लागू हो) के लिए आरक्षण/छूट/रियायत दी जाएगी।

ज़रूरी प्रमाणपत्र दिखाने पर आयु में निम्नलिखित छूट दी जाएगी:

- अजा/अजजा श्रेणी: 5 वर्ष
- अपिव-एनसीएल श्रेणी: 3 वर्ष
- दिव्यांगजन वाले व्यक्ति (पीडब्ल्यूबीडी): 10 वर्ष; अजा/अजजा /अपिव-एनसीएल श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए आयु में अतिरिक्त अलावा मिलने वाली छूट के पद के जो नीचे दी गई तालिका में यथा उल्लखित पीडब्ल्यूडी के लिए उपयुक्त के रूप में अभिचिह्नत होने के अध्यधीन है।

हालांकि, ऊपरी आयु सीमा में छूट पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों पर लागू होगी, भले ही पद आरक्षित हो या न हो, पद के जो नीचे दी गई तालिका में यथा उल्लखित पीडब्ल्यूडी के लिए उपयुक्त के रूप में अभिचिह्नत होने के अध्यधीन है।

केवल वे दिव्यांग (PWD) अभ्यर्थी, जो संबंधित दिव्यांगता में न्यूनतम 40% या उससे अधिक दिव्यांग हैं, ही पीडब्ल्यूडी के लाभ के लिए पात्र होंगे। ऐसे पीडब्ल्यूडी अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु सीमा में 10 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी।

पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों को पद के लिए निर्धारित शारीरिक आवश्यकताओं और कार्यात्मक वर्गीकरण को पूरा करना होगा, जो निम्नानुसार है:

| **जिन श्रेणियों कि लिए अभिचिह्नत किया गया** | **कार्यात्मक वर्गीकरण** | **शारीरिक आवश्यकताएं** |
|---|---|---|
| लोकोमोटर दिव्यांगता | ओए, ओएल, कुष्ठ रोग ठीक हो गए, एसिड अटैक पीड़ित | एस, एसटी, बीएन, डब्ल्यू, एसई, एमएफ, सी, आर, डब्ल्यू, आरडब्ल्यू |
| श्रवण बाधित | एचआई | |

दिव्यांगजन और उस श्रेणी/वर्गीकरण से हैं जिसके लिए यह पद अभिचिह्नत है (जैसा कि ऊपर टेबल में बताया गया है), वे भी आवेदन कर सकते हैं, भले ही उनके लिए रिक्त विशेष रूप से आरक्षित न हो। ऐसे उम्मीदवारों पर सामान्य योग्यता मानक के आधार पर पद पर नियुक्ति के लिए चुने जाने हेतु विचार किया जाएगा।

| **कोड** | **वर्गीकरण** | **कोड** | **शारीरिक आवश्यकताएं** |
|---|---|---|---|

| | | | |
|---|---|---|---|
| ओ एच | अस्थि दिव्यांग | एस | बैठना |
| वीएच | दृष्टि दिव्यांग | एसटी | खड़ा होना |
| एचएच | सुनने में कठिनाई | डब्ल्यू | चलना |
| ओएल | एक पैर | एसई | देखना |
| ओए | एक हाथ | एच | सुनना/बोलना |
| बी ए | दोनों बाहें | आरडब्ल्यू | पढ़ना और लिखना |
| बीएच | दोनों हाथ | सी | संचार |
| एम डब्ल्यू | मांसपेशियों में कमज़ोरी | एमएफ | उंगलियों द्वारा संचालन |
| ओएएल | एक हाथ एक पैर | पीपी | खींचना और धकेलना |
| बीएलए | दोनों पैर और बांहें | एल | उठाना |
| बीएलओए | दोनों टांगें एक बांहें | केसी | घुटने टेकना और झुकना |
| एलवी | कम दृष्टि | बी एन | झुकना |
| बी | अंधा | एम | गतिविधि |
| पीडी | आंशिक रूप से बहरा | जेयू | कूदना |
| एफडी | पूरी तरह से बहरा | सीएल | चढ़ना |
| बीएल | दोनों पैर | सीएल | चढ़ना |
| डी | बौनापन | | |
| सीपी | सेरेब्रल पाल्सी | | |
| एलसी | कुष्ठ रोग ठीक हुआ | | |
| एएवी | एसिड अटैक के पीड़ित | | |
| एमडी | कई दिव्यांगताएँ | | |

उपर्युक्त सूचियाँ संशोधन के अध्यधीन हैं।

## काम की प्रकृति और अवधि

**प्रस्ताव सिर्फ़ परियोजना /कंपनी की समय-समय पर मिलने वाली ज़रूरत के आधार पर, या ग्राहक द्वारा सीपी अनुमोदित होने पर (जहां भी लागू हो), और परियोजनाओं में तैनाती के लिए मानदंड पूरा होने पर ही जारी किए जाएंगे।**

**कृपया ध्यान दें कि किसी रिक्त के लिए पैनल में शामिल होने का मतलब यह नहीं है कि राइट्स लिमिटेड में चयन /नौकरी पक्की है, और मैनपावर की तैनाती पूरी तरह से परियोजना/कंपनी की ज़रूरत के आधार पर होगी।**

यह नियुक्ति शुरू में पूरी तरह से संविदा के आधार पर एक वर्ष के लिए होगी, जिसे आपसी सहमति और संतोषजनक कार्य-निष्पादन के आधार पर कार्यभार पूरा होने तक बढ़ाया जा सकता है।

चयनित उम्मीदवारों को कंपनी की आवश्यकतानुसार भारत में कहीं भी तैनाती दी जा सकती है।

## पारिश्रमिक

इस पद के लिए वेतनमान के न्यूनतम स्तर पर अनुमानित वेतन का ब्यौरा नीचे दिया गया हैं:

| वीसी सं. | पद | वेतनमान |
|---|---|---|
| सीपी/10/26 | प्रबंधक - सिविल | आईएनआर 50,000-1,60,000 |
| सीपी/11/26 | इंजीनियर - सिविल | आईएनआर 30,000-1,20,000 |

चुने गए उम्मीदवारों को मूल वेतन और डीए, मूल वेतन का 23% निर्धारित/परिवर्तनीय भत्ता, एचआरए/पट्टा, पीएफ में अंशदान,

ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम के अनुसार ग्रेच्युटी दी जाएगी। अन्य लाभ निम्नानुसार होंगे:

| | |
|---|---|
| क) अवकाश<br>ख) मातृत्व अवकाश<br>ग) चिकित्सा सुविधा<br>घ) दुर्घटना/मृत्यु बीमा<br>ङ) अवकाश नकदीकरण | संविदागत कर्मचारियों पर लागू कंपनी के नियमों के अनुसार होते हैं। |

## शुल्क

उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन के दौरान निम्निलिखित शुल्क का भुगतान करना है:

| शुल्क |
|---|
| ₹600/- + लागू कर |

शुल्क भुगतान के संबंध में किसी भी कठिनाई/प्रश्न के लिए, उम्मीदवार निम्नलिखित नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं:

हेल्पडेस्क नंबर: 011 – 33557000, एक्सटेंशन कोड - 13221

हेल्पडेस्क ई-मेल आईडी: pg.service@hdfc.bank.in

**टिप्पणी** :

क) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दिव्यांग वर्ग के अभ्यर्थियों को, जो अपनी श्रेणी के लिए अनारक्षित पदों के लिए आवेदन कर रहे हैं, उन्हें भी ऑनलाइन आवेदन के दौरान इस स्तर पर पूर्ण शुल्क का भुगतान करना होगा।

ख) ऑनलाइन आवेदन के दौरान अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दिव्यांग वर्ग के अभ्यर्थियों से लिया गया शुल्क, लिखित परीक्षा/साक्षात्कार (यथा लागू) की आगे की चयन प्रक्रिया में भाग लेने पर वापस कर दिया जाएगा। ऐसे अभ्यर्थियों को यह राशि उनके मूल खाते/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड आदि में जमा करके ही वापस की जाएगी, उनके श्रेणी प्रमाण पत्र जमा करने और उसकी जाँच के बाद, जीएसटी/बैंक शुल्क (यथा लागू) की विधिवत कटौती करके जिससे अभ्यर्थी ने शुल्क का भुगतान किया था।

ग) अभ्यर्थियों को ध्यान रखना चाहिए कि निर्दिष्ट विधि के अतिरिक्त किसी अन्य विधि से जमा किया गया शुल्क राइट्स द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा ऐसे आवेदनों को शुल्क रहित माना जाएगा तथा उन्हें तुरंत पर अस्वीकार कर दिया जाएगा।

घ) उम्मीदवार यह पक्का करें कि फीस का भुगतान सफल होने पर इनवॉइस जेनरेट हो जाए; और अगर वे इनवॉइस डाउनलोड नहीं कर पाते हैं, तो यह उम्मीदवार का उत्तरदायित्व होगा कि वे तुरंत rectt@rites.com पर रजिस्ट्रेशन विवरण के साथ ईमेल लिखकर इसकी जानकारी दें।

## स्थान

| चयन दौर | स्थान और तिथि |
|---|---|
| लिखित परीक्षा | पूरे भारत में 3 अलग-अलग जगहें*<br>(सही पता उम्मीदवारों को बाद में बताया जाएगा) |

उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन के समय लिखित परीक्षा के लिए अपनी पसंद के केंद्र के लिए दो वरीयता देनी होगी। हालांकि उम्मीदवारों को उनकी पसंद का केंद्र देने की पूरी कोशिश की जाएगी, लेकिन राइट्स के पास यह अधिकार है कि वह उम्मीदवार को ऐसा केंद्र आवंटन कर सकता है, जो उसने अपनी वरीयता में नहीं बताया था।

लिखित परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र*:

| क्र. सं. | शहर |
|---|---|
| 1 | दिल्ली/गुरुग्राम |
| 2 | मुंबई |
| 3 | अहमदाबाद |

***दिल्ली/गुरुग्राम को छोड़कर सभी केंद्र अस्थायी हैं और यह उम्मीदवारों की संख्या और राइट्स के स्वविवेक पर निर्भर करेगा।**

चयन की नियत तिथि, समय और स्थान का विवरण उम्मीदवारों को अलग से सूचित किया जाएगा।

## लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम

**<u>प्रबंधक एवं इंजीनियर पदों के लिए पाठ्यक्रम-</u>**

| विषय |
|---|
| सामान्य अभिरुचि/सामान्य ज्ञान/सामान्य जागरूकता आदि। |
| सर्वेक्षण (**Surveying**): लेवलिंग उपकरणों के प्रकार, अस्थायी समायोजन, लेवल बुकिंग एवं रिड्यूसिंग, लेवलिंग कार्य की जाँच, लॉन्गिट्यूडिनल सेक्शन, क्रॉस सेक्शन, वक्रता एवं अपवर्तन के कारण होने वाली त्रुटियाँ। |
| टोटल स्टेशन/**GPS** सर्वे: टोटल स्टेशन एवं **GPS** की विशेषताएँ, **GPS** के कार्य करने के सिद्धांत, त्रुटियों का समायोजन, ओपन एवं क्लोज्ड ट्रैवर्स तथा उनका इंजीनियरिंग समस्याओं में उपयोग। |
| त्रिकोणमितीय लेवलिंग: ऊँचाई एवं दूरी, ज्यामितीय अवलोकन, ऊँचाई के अंतर का निर्धारण। |
| त्रिभुजीकरण प्रणाली: बेस लाइन मापन, बेस की लंबाई की गणना, क्षैतिज कोणों का मापन। |
| कॉन्टूर एवं कॉन्टूर अंतराल: कॉन्टूर निर्धारित करने की विधियाँ, कॉन्टूर इंटरपोलेशन। |
| रूट सर्वेक्षण: रिकॉनिसेंस सर्वे के तत्व, प्रारंभिक सर्वे, अंतिम लोकेशन सर्वे, निर्माण सर्वे। |
| सरल, मिश्रित, रिवर्स एवं ट्रांजिशन कर्व, सड़क एवं रेलवे हेतु वर्टिकल कर्व, ऑफसेट एवं डिफ्लेक्शन एंगल विधि से कर्व सेटिंग, कर्व की लंबाई की गणना। |
| हाइड्रोग्राफिक सर्वे: साउंडिंग, चार्टिंग, नदियों एवं धाराओं के क्रॉस सेक्शन तथा डिस्चार्ज मापन। |
| एरियल फोटोग्रामेट्री एवं रिमोट सेंसिंग के सिद्धांत एवं उपयोगिता, सैटेलाइट डेटा। |
| मिट्टी को त्रि-चरणीय प्रणाली के रूप में, जलांश, घनत्व एवं इकाई भार, विशिष्ट गुरुत्व, रिक्ति अनुपात, छिद्रता एवं संतृप्ति की डिग्री, घनत्व सूचकांक। |
| मिट्टी का वर्गीकरण, संपीड़न, स्टैंडर्ड प्रॉक्टर टेस्ट, जल-घनत्व संबंध, मॉडिफाइड प्रॉक्टर टेस्ट, फील्ड कम्पैक्शन विधियाँ, फील्ड कम्पैक्शन नियंत्रण, कैलिब्रेशन कर्व, संपीड़न को प्रभावित करने वाले कारक। |
| अन्वेषण बोरिंग, अन्वेषण की गहराई, बोरिंग की दूरी एवं संख्या, सैम्पलिंग की विधियाँ एवं सैम्पल के प्रकार, बोर लॉग, कोर रिकवरी, रॉक क्वालिटी डिज़िग्नेशन, फील्ड वेन शीयर टेस्ट, स्टैंडर्ड पेनिट्रेशन टेस्ट एवं उसका उपयोग, फील्ड प्लेट लोड टेस्ट एवं उसकी सीमाएँ, उथली नींव की अंतिम वहन क्षमता, प्लेट लोड टेस्ट, संयुक्त एवं राफ्ट फाउंडेशन के तत्व। |
| पाइल फाउंडेशन: पाइल फाउंडेशन में सामान्य विचार, पाइल के प्रकार, पाइल लोड टेस्ट एवं संबंधित **IS** कोड का उपयोग। |
| ढालों की स्थिरता, रैंकिन एवं कूलॉम्ब के अनुसार पृथ्वी दाब का पारंपरिक सिद्धांत, रिटेनिंग वाल के विरुद्ध सक्रिय एवं निष्क्रिय दाब। |

| |
|---|
| स्थल पर मिट्टी के गुणों में सुधार की विभिन्न विधियाँ, मिट्टी स्थिरीकरण के तत्व, सैंड ड्रेन, वाइब्रो फ्लोटेशन तकनीक। |
| अनुमान तैयार करने हेतु आवश्यक डेटा, अनुमान के प्रकार, कार्य की मदें, कार्य मद का विवरण, कार्य मापन, मापन दिशानिर्देश, **IS** मापन पद्धति या इकाइयाँ, प्लिंथ एरिया, फ्लोर एरिया, कार्पेट एरिया एवं **FSI**। |
| कार्य मापन की सामान्य प्रक्रिया, मात्राएँ निकालने की विधियाँ, विभिन्न कार्य मदें, प्राइम कॉस्ट एवं प्राविजनल सम, प्राविजनल मात्राएँ, आकस्मिकताएँ, कार्य-भारित स्थापना, सेंटेज शुल्क, भवन अनुमान विधियाँ, विस्तृत अनुमानों की शुद्धता की जाँच। |
| रेट विश्लेषण: विभिन्न कार्य मदों हेतु आवश्यक सामग्री एवं श्रम की मात्रा। विभिन्न कार्यों हेतु उपकरण/मशीनरी की अनुमानित दरें। सामग्री का परिवहन एवं लागत। भवन उद्योग में श्रमिकों की विभिन्न श्रेणियों हेतु निर्धारित दरें। भवन निर्माण के प्रमुख कार्य मदों का रेट विश्लेषण। |
| स्पेसिफिकेशन के प्रकार, विस्तृत स्पेसिफिकेशन, मानक स्पेसिफिकेशन। |
| टेंडर के प्रकार, टेंडर दस्तावेज़ के घटक, टेंडर दस्तावेज़ की तैयारी। |
| बीम: सपोर्ट के प्रकार, शीयर फोर्स एवं बेंडिंग मोमेंट, शीयर फोर्स एवं बेंडिंग मोमेंट डायग्राम, **S.F.** एवं **B.M.** डायग्राम की ग्राफिकल प्लॉटिंग विधि। |
| बीम: मोमेंट एरिया एवं कंजुगेट बीम विधि द्वारा विक्षेपण, कैंटिलीवर एवं सिंपली सपोर्टेड बीम के लिए ढाल एवं विक्षेपण, फिक्स्ड एवं कंटीन्यूअस बीम का विश्लेषण। |
| विभिन्न सपोर्ट स्थितियों में कॉलम विश्लेषण, विकेन्द्रित भार वहन करने वाला कॉलम, पार्श्व भारित कॉलम, प्रभावी ऊँचाई, शॉर्ट कॉलम, स्लेंडर कॉलम। |
| फ्रेम संरचनाओं का विक्षेपण, बीम/फ्रेम पर गतिमान भार, फ्रेम संरचना के सदस्यों में बेंडिंग मोमेंट एवं शीयर फोर्स हेतु इन्फ्लुएंस लाइन। मोमेंट डिस्ट्रीब्यूशन एवं स्लोप डिफ्लेक्शन विधियाँ। |
| डिज़ाइन की विधियाँ - वर्किंग स्ट्रेस मेथड, अल्टीमेट लोड मेथड, लिमिट स्टेट मेथड। |
| सिंगली एवं डबल रीइन्फोर्स्ड बीम एवं स्लैब, कॉलम। |
| शीयर स्ट्रेस, डायगोनल टेंशन, शीयर रीइन्फोर्समेंट, डेवलपमेंट लेंथ, एंकरिज बॉन्ड, फ्लेक्सुरल बॉन्ड। |
| प्री-स्ट्रेस्ड कंक्रीट की मूल अवधारणाएँ। |
| माइल्ड स्टील हेतु स्ट्रेस-स्ट्रेन कर्व, रोल्ड स्टील सेक्शन, भार, अनुमेय तनाव, कार्य तनाव, सुरक्षा गुणांक, संरचनात्मक सदस्यों की न्यूनतम मोटाई, डिज़ाइन विधियाँ। |
| संपीड़न सदस्य: प्रभावी लंबाई, स्लेंडरनेस अनुपात, कॉलम डिज़ाइन, सेक्शन के प्रकार, मान्यताएँ, अक्षीय भारित संपीड़न सदस्यों का डिज़ाइन। |
| तनाव सदस्य: नेट सेक्शनल एरिया, अनुमेय तनाव, अक्षीय भारित तनाव सदस्य का डिज़ाइन। |
| प्लेट गर्डर डिज़ाइन: बेंडिंग, शीयर, आर्थिक गहराई। |
| वेल्डेड जॉइंट, वेल्ड के प्रकार, फिलेट वेल्ड डिज़ाइन, बट वेल्ड डिज़ाइन। |
| हाईवे का वर्गीकरण, सर्वेक्षण के प्रकार, क्रॉस-सेक्शन एवं प्रोफाइल, मृदा परीक्षण। |
| राइट ऑफ वे एवं मानक, ग्रेडिएंट, गति, दृश्य दूरी, कर्व। |
| एग्रीगेट, बिटुमेन एवं सीमेंट का परीक्षण, अर्थवर्क, कंक्रीट कार्य, ईंट एवं पत्थर चिनाई, सड़क कार्यों हेतु फील्ड गुणवत्ता परीक्षण। |
| फ्लेक्सिबल पेवमेंट डिज़ाइन हेतु कैलिफोर्निया बेयरिंग रेशियो विधि। |
| कंक्रीट पेवमेंट डिज़ाइन, पेवमेंट जॉइंट, सब-ग्रेड एवं सब-बेस की तैयारी। |
| रेलवे लाइन के विभिन्न वर्गों हेतु अलाइनमेंट सर्वे के प्रकार, गति के पैरामीटर, लोडिंग एवं परमानेंट वे, शेड्यूल ऑफ डाइमेंशन्स। |
| कर्व, ग्रेडिएंट, अर्थवर्क एवं परमानेंट वे - रेल, स्लीपर, बैलेस्ट, फास्टनिंग एवं फिटिंग, पॉइंट्स एवं क्रॉसिंग, लेवल क्रॉसिंग। |
| दैनिक रखरखाव, आवधिक रखरखाव, ट्रैक अलाइनमेंट का रखरखाव, ड्रेनेज रखरखाव, ट्रैक अवयवों का रखरखाव, पॉइंट्स एवं क्रॉसिंग का रखरखाव, लेवल क्रॉसिंग का रखरखाव। |
| एयरपोर्ट साइट चयन, भविष्य के वायु यातायात का आकलन, रनवे ओरिएंटेशन, रनवे कॉन्फ़िगरेशन, मूल रनवे लंबाई, ऊँचाई, तापमान एवं ग्रेडिएंट हेतु सुधार, एयरपोर्ट वर्गीकरण, एयरपोर्ट क्षमता, रनवे क्षमता, गेट क्षमता, टैक्सीवे क्षमता, एयरपोर्ट लेआउट। |
| |

## 1. जल संसाधन इंजीनियरिंग (Water Resources Engineering)

**1.1 वैश्विक जल संसाधन (Global Water Resources)**

पृथ्वी पर जल की संरचना, गुण एवं वितरण, जलमंडल (**Hydrosphere**) तथा जल उपलब्धता, मीठे एवं खारे जल के संसाधन, सतही जल एवं भूजल का वितरण, जल के भौतिक एवं रासायनिक गुण, जल गुणवत्ता मानक एवं पैरामीटर, जल प्रदूषण के स्रोत, जल संसाधनों के लिए खतरे जैसे औद्योगिक प्रदूषण, घरेलू सीवेज, कृषि अपवाह, भूजल प्रदूषण एवं जलवायु परिवर्तन के प्रभाव, जल संरक्षण तकनीकें जैसे वर्षा जल संचयन, जल का पुनः उपयोग एवं पुनर्चक्रण, मांग-पक्ष प्रबंधन तथा सतत जल उपयोग पद्धतियाँ।

**1.2 सतही जल संसाधन (Surface Water Resources)**

**जलचक्र एवं जल संतुलन (Hydrological Cycle and Water Balance)**

जलचक्र एवं उसके घटक, वर्षण एवं वर्षण के प्रकार, वर्षा मापन, वर्षामापी एवं वर्षामापी नेटवर्क, अंतःस्रवण एवं अंतःस्रवण सूचकांक, वाष्पीकरण एवं वाष्पोत्सर्जन, अपवाह एवं अपवाह को प्रभावित करने वाले कारक, जल संतुलन समीकरण।

**हाइड्रोग्राफ एवं जलविज्ञान (Hydrographs and Hydrology)**

प्रवाह हाइड्रोग्राफ, हाइड्रोग्राफ के घटक, यूनिट हाइड्रोग्राफ सिद्धांत एवं उसके अनुप्रयोग, सिंथेटिक यूनिट हाइड्रोग्राफ, बाढ़ हाइड्रोग्राफ एवं बेस फ्लो पृथक्करण।

**स्तर-प्रवाह संबंध (Stage–Discharge Relationship)**

धारा मापन की विधियाँ, वेग-क्षेत्र विधि, करंट मीटर विधि, रेटिंग कर्व विकास तथा नदियों एवं चैनलों में स्तर-प्रवाह संबंध।

**जलाशय इंजीनियरिंग (Reservoir Engineering)**

जलाशय नियोजन एवं वर्गीकरण, जलाशय क्षमता निर्धारण, डेड स्टोरेज, लाइव स्टोरेज एवं सरचार्ज स्टोरेज, जलाशयों में अवसादन, जलाशय रूटिंग, बाढ़ रूटिंग एवं चैनल रूटिंग विधियाँ।

**सतही अपवाह एवं वाटरशेड प्रबंधन (Surface Runoff and Watershed Management)**

सतही अपवाह मॉडल, वाटरशेड की विशेषताएँ, वाटरशेड प्रबंधन के सिद्धांत, मृदा संरक्षण उपाय एवं सतही जल प्रबंधन तकनीकें।

**वर्षा जल संचयन एवं भंडारण (Rainwater Harvesting and Storage)**

वर्षा जल संचयन प्रणालियाँ, रूफटॉप रेनवॉटर हार्वेस्टिंग, रिचार्ज संरचनाएँ, भंडारण जलाशय एवं टैंक, शहरी वर्षा जल संचयन पद्धतियाँ।

## 2. भूजल संसाधन (Groundwater Resources)

**2.1 जलभृत एवं भूवैज्ञानिक संरचनाएँ (Aquifers and Geological Formations)**

भूवैज्ञानिक संरचनाएँ जलभृत (Aquifer) के रूप में, जलभृतों के प्रकार जैसे सीमाबद्ध जलभृत (Confined Aquifer), असीमाबद्ध जलभृत (Unconfined Aquifer), परचित जलभृत (Perched Aquifer) एवं अर्ध-सीमाबद्ध जलभृत (Semi-confined Aquifer), जलभृत के गुण एवं पैरामीटर जैसे छिद्रता (Porosity), पारगम्यता (Permeability), ट्रांसमिसिविटी (Transmissivity), भंडारण गुणांक (Storage Coefficient), विशिष्ट उपज (Specific Yield) एवं विशिष्ट अवधारण (Specific Retention)।

**2.2 वाडोज़ एवं संतृप्त क्षेत्र (Vadose and Saturated Zones)**

मृदा आर्द्रता क्षेत्र, मध्यवर्ती वाडोज़ क्षेत्र, केशिका पट्टी (Capillary Fringe), संतृप्त क्षेत्र एवं जलस्तर में उतार-चढ़ाव।

**2.3 भूजल प्रवाह (Groundwater Flow)**

डार्सी का नियम एवं उसके अनुप्रयोग, हाइड्रोलिक चालकता, सीपेज वेग, भूजल प्रवाह समीकरण, फ्लो नेट, स्थिर अवस्था कुआँ जलगतिकी, ड्यूपिट की मान्यताएँ, पम्पिंग परीक्षण, कुएँ की हानियाँ एवं विशिष्ट क्षमता।

## 3. सिंचाई इंजीनियरिंग (Irrigation Engineering)

**3.1 सिंचाई प्रणालियाँ एवं विधियाँ (Irrigation Systems and Methods)**

सिंचाई का महत्व, सिंचाई प्रणालियों के प्रकार जैसे प्रवाही सिंचाई (Flow Irrigation) एवं लिफ्ट सिंचाई (Lift Irrigation), सिंचाई की विधियाँ जैसे सतही सिंचाई, स्प्रिंकलर सिंचाई, ड्रिप सिंचाई एवं फर्रो सिंचाई, सिंचाई दक्षताएँ।

**3.2 फसल जल आवश्यकता (Crop Water Requirements)**

फसल जल आवश्यकता का आकलन, जल का उपभोज्य उपयोग (Consumptive Use), ड्यूटी, डेल्टा एवं बेस अवधि, वाष्पोत्सर्जन एवं उसके आकलन की विधियाँ, सिंचाई अनुसूची एवं कमांड क्षेत्र विकास।

**3.3 हाइड्रोलिक संरचनाएँ (Hydraulic Structures)**

**बाँध एवं स्पिलवे (Dams and Spillways)**

ग्रैविटी बाँध, बाँधों पर कार्य करने वाले बल, ग्रैविटी बाँधों का स्थिरता विश्लेषण, स्पिलवे एवं ऊर्जा अपव्यय व्यवस्थाएँ।

**नहर इंजीनियरिंग (Canal Engineering)**

लाइनिंगयुक्त एवं बिना लाइनिंग वाली नहरें, नहर हानियाँ एवं रिसाव, नहर अलाइनमेंट एवं सेक्शन, नहर रखरखाव।

**वीयर एवं क्रॉस ड्रेनेज संरचनाएँ (Weirs and Cross Drainage Structures)**

पारगम्य नींव पर वीयर का डिज़ाइन, खोसला सिद्धांत, ब्लाइघ का क्रीप सिद्धांत, क्रॉस ड्रेनेज संरचनाएँ जैसे एक्वाडक्ट, सुपर पैसेज, साइफन एक्वाडक्ट, कैनाल साइफन एवं लेवल क्रॉसिंग।

## 4. इंजीनियरिंग द्रव यांत्रिकी एवं हाइड्रोलिक्स (Engineering Fluid Mechanics and Hydraulics)

**4.1 द्रव यांत्रिकी के मूल सिद्धांत (Fundamentals of Fluid Mechanics)**

यांत्रिकी की अवधारणाएँ, द्रव के गुण जैसे घनत्व, विशिष्ट गुरुत्व, श्यानता, पृष्ठ तनाव एवं संपीड्यता, द्रव दाब एवं दाब मापन, हाइड्रोस्टैटिक दाब एवं उत्प्लावन।

**4.2 हाइड्रोस्टैटिक्स (Hydrostatics)**

द्रवों में दाब वितरण, डूबी हुई सतहों पर हाइड्रोस्टैटिक बल, दाब केंद्र, समतल एवं वक्र सतहों पर बल।

**4.3 द्रव गतिकी एवं गतिक्रम (Fluid Kinematics and Dynamics)**

द्रव प्रवाह के प्रकार, स्ट्रीमलाइन, पाथलाइन एवं स्ट्रीकलाइन, सततता समीकरण, बर्नौली समीकरण एवं उसके अनुप्रयोग, ऑयलर समीकरण एवं संवेग समीकरण।

**4.4 आयामी विश्लेषण एवं समरूपता (Dimensional Analysis and Similitude)**

आयाम एवं इकाइयाँ, बकिंघम पाई प्रमेय, विमाहीन संख्याएँ जैसे रेनॉल्ड्स संख्या, फ्राउड संख्या, वेबर संख्या एवं माख संख्या, हाइड्रोलिक समरूपता एवं मॉडल अध्ययन।

**4.5 पाइप एवं चैनलों में प्रवाह (Flow Through Pipes and Channels)**

स्तरीय एवं अशांत प्रवाह, पाइपों में हेड लॉस, डार्सी-वाइसबैक समीकरण, पाइप नेटवर्क में प्रवाह, मुक्त प्रवाह चैनल, समान एवं असमान प्रवाह, विशिष्ट ऊर्जा एवं क्रिटिकल फ्लो, हाइड्रोलिक जंप।

**4.6 हाइड्रोलिक मशीनें (Hydraulic Machines)**

पंप एवं टर्बाइन, सेंट्रीफ्यूगल पंप, प्रत्यागामी पंप, प्रदर्शन विशेषताएँ, कैविटेशन एवं वॉटर हैमर।

**पर्यावरण इंजीनियरिंग से संबंधित विषय (Environmental Engineering Related Topics)**

THE INFRASTRUCTURE PEOPLE

**5.1 जलापूर्ति इंजीनियरिंग (Water Supply Engineering)**
जलापूर्ति के स्रोत, जल शोधन प्रक्रियाएँ, अवसादन (Sedimentation), निस्पंदन (Filtration) एवं कीटाणुशोधन (Disinfection), जल वितरण प्रणालियाँ एवं पेयजल मानक।

**5.2 अपशिष्ट जल इंजीनियरिंग (Wastewater Engineering)**
सीवेज की विशेषताएँ, सीवरेज प्रणालियाँ, अपशिष्ट जल उपचार विधियाँ, स्लज उपचार एवं निपटान, औद्योगिक अपशिष्ट जल प्रबंधन।

**5.3 पर्यावरण प्रदूषण (Environmental Pollution)**
वायु प्रदूषण एवं नियंत्रण, जल प्रदूषण एवं नियंत्रण, ध्वनि प्रदूषण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं पर्यावरण प्रभाव आकलन (EIA)।

**5.4 पर्यावरणीय कानून एवं मानक (Environmental Laws and Standards)**
जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, सीपीसीबी एवं डीपीसीसी दिशानिर्देश, पर्यावरणीय निगरानी एवं अनुपालन।

## आवेदन कैसे करें

1. **उम्मीदवार आवेदन करने से पहले यह सुनिश्चित कर लें कि वे पद के लिए आवश्यक शर्तों एवं अपेक्षाओं को पूरा करते हैं।**
2. उपर्युक्त निर्धारित पात्रता मापदंडों को पूरा करने वाले इच्छुक उम्मीदवारों को राइट्स वैबसाइट, **http://www.rites.com** के कैरियर सेक्शन में उपलब्ध पंजीकरण प्रोफार्मा में ऑनलाइन आवेदन करना अपेक्षित है।
3. ऑनलाइन आवेदन करते समय; सिस्टम उम्मीदवार द्वारा भरे हुए ऑन लाइन फार्म के ऊपर 'पंजीकरण संख्या' जेनरेट करेगा। राइट्स लिमिटेड के साथ आगे संपर्क किए जाने के लिए इस "पंजीकरण संख्या" को नोट कर लें।
4. अपेक्षित विवरण भरते समय, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे "पहचान प्रमाण" का विवरण सावधानीपूर्वक और सही ढंग से भरें। उम्मीदवारों को यह भी सलाह दी जाती है कि वे इसे नोट करें और यह सुनिश्चित करें कि पहचान प्रमाण उपलब्ध है, क्योंकि चयन के बाद के चरणों में इसे मूल रूप में प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।
5. **"आवेदन पत्र भरें/संशोधित करें" के अंतर्गत आवश्यक विवरण भरने के बाद, अभ्यर्थी को आवेदन प्रस्तुत करना चाहिए।**

उम्मीदवारों को यह पक्का करना होगा कि वे ऑनलाइन आवेदन पत्र सबमिट करते समय सभी ज़रूरी दस्तावेज अपलोड करें, जो उनकी पात्रता के संबंध में उनके दावे को साबित करते हों। ऑनलाइन आवेदन पत्र के दौरान उम्मीदवारों द्वारा अपलोड किए जाने वाले दस्तावेज की लिस्ट नीचे दी गई है:

क) जन्म तिथि के प्रमाण के लिए हाई स्कूल प्रमाण पत्र
ख) एकेडमिक और प्रोफेशनल अर्हता के प्रमाणपत्र के साथ-साथ सभी अर्हता (Xth, XIIth, डिप्लोमा / ग्रेजुएशन / स्नातकोत्तर जैसा भी लागू हो और जैसा कि आवेदन पत्र फॉर्म में बताया गया है) के सभी सेमेस्टर / वर्ष की अंकपत्र।
ग) विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा जारी किया गया प्रतिशत रूपांतरण दस्तावेज़ (जहां भी लागू हो)
घ) भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में ईडब्ल्यूएस/ अजा/अजजा/अपिव-एनसीएल/पीडब्ल्यूडी प्रमाणपत्र (जहां भी लागू हो)
ङ) पहचान और पते का प्रमाण (पासपोर्ट, वोटर आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड आदि)
च) पैन कार्ड
छ) आवेदन पत्र फॉर्म में बताए गए अनुभव के समय का प्रूफ एक ही पीडीएफ में कालानुक्रमिक क्रम में (जैसा लागू हो) में सबमिट करना होगा। इसमें ऑफर लेटर, नियुक्ति आदेश, कार्यमुक्ति आदेश , सेवा प्रमाणपत्र, संबंधित पे स्लिप वगैरह शामिल हैं, जो ऑनलाइन आवेदन पत्र फॉर्म में बताए गए सेवा सयम के दावे को साबित करते हैं।

ज) ऑनलाइन आवेदन पत्र फॉर्म में सबमिट किए गए अपने कैंडिडेटचर और दावों के सपोर्ट में ज़रूरी कोई भी दूसरा दस्तावेज

**नोट: उम्मीदवारों को यह सुनिश्चत करना होगा कि स्कैन की गई कॉपी साफ़ और दृश्य हों। ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करते समय, ज़रूरी दस्तावेज़ अपलोड न करने पर, जो उनकी पात्रता और आवेदन पत्र फॉर्म में किए गए दावों को साबित करते हैं, उम्मीदवार का उम्मीदवारी रद्द किया जा सकता है।**

6. सभी दस्तावेज अपलोड करने के बाद, उम्मीदवारों को " भुगतान" सेक्शन में जाकर ऑनलाइन भुगतान करना होगा। और आवेदन शुल्क का भुगतान सफलतापूर्वक होने के बाद, फाइनल आवेदन पत्र डाउनलोड करना होगा। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे सबमिट किए गए आवेदन पत्र की एक कॉपी अपने पास रखें और चयन के समय (अगर बुलाया जाता है) उसे साथ ले जाएं।

**भुगतान विवारण में उस श्रेणी के आधार पर बैंक को भुगतान की जाने वाली राशि दिखाई गई है जिसके लिए आप आवेदन पत्र सबमिट कर रहे हैं।**

**शुल्क भुगतान सफल न होने पर आवेदन पत्र को अधूरा माना जाएगा और उसे तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा।**

7. आपके आवेदन में अनुभव के संबंध में आपके द्वारा किए गए दावों के संदर्भ में, दस्तावेज़ सत्यापन के समय आपके पिछले नियोक्ता से प्राप्त अनुभव प्रमाणपत्रों की प्रतियां जमा करनी होंगी। वर्तमान रोजगार के संबंध में, अनुभव प्रमाणपत्र/ज्वाइनिंग लेटर के साथ पिछले महीने की वेतन पर्ची, या फॉर्म 16 और अन्य दस्तावेज जो नौकरी में आपकी निरंतरता को स्पष्ट रूप से साबित करते हों, जमा करने होंगे। यदि आपके द्वारा प्रस्तुत प्रमाणों से आपका दावा प्रमाणित नहीं होता है, तो दस्तावेज़ जांच के समय आपकी उम्मीदवारी खारिज की जा सकती है। कृपया अपनी उम्मीदवारी स्थापित करने वाले प्रमाण पत्रों के साथ अपने दावों की जांच करें। दस्तावेज़ सत्यापन के समय अधूरा आवेदन या अपर्याप्त प्रमाण आपकी उम्मीदवारी को खारिज कर देंगे। आवेदन में दी गई जानकारी के अलावा किसी भी अतिरिक्त जानकारी पर बाद में विचार नहीं किया जाएगा।

**8.** आरक्षण का फायदा उठाने के लिए, अजा/अजजा/अपिव-एनसीएल उम्मीदवारों को सक्षम कंपनी से अनुलग्नक **I** (अजा/अजजा उम्मीदवारों के लिए) और अनुलग्नक **II** (अपिव-एनसीएल उम्मीदवारों के लिए) में दिए गए प्रारूप के अनुसार जाति प्रमाणपत्र देना होगा, जो ज़रूरी तिथि यानी आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि तक वैध हो। इसके अलावा, अपिव-एनसीएल उम्मीदवारों के मामले में, प्रमाणपत्र में साफ तौर पर यह लिखा होना चाहिए कि वे भारत सरकार, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के कार्यालय ज्ञापन सं..36012/22/93-**Estt.** (एसअसीटी) दिनांक 08.09.93 और उसके बाद कार्यालय ज्ञापन सं. 36033/3/2004-**Estt.** (आरईएस) दिनांक 09.03.2004, 27.05.2013, 13.09.2017 और इस विज्ञापन के लिए आवेदन पत्र के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि तक मिले किसी भी और रिवीजन के शेड्यूल के कॉलम 3 में बताए गए व्यक्तियों/वर्गों (क्रीमी लेयर) से संबंधित नहीं हैं।.

**<u>ओबीसी-एनसीएल श्रेणी</u>**

उम्मीदवारों को यह पक्का करना चाहिए कि इस विज्ञापन के तहत पदों के लिए आवेदन करते समय वे अपिव- नॉन-क्रीमी लेयर (एनसीएल) श्रेणी के हों। इसके अलावा, कम्युनिटी प्रमाणपत्र (अपिव) के साथ-साथ, उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन के दौरान एनेक्सर **III** के अनुसार तय प्रारूप में एक घोषणा भी देना होगा, जिसमें यह बताया गया हो कि वे ज़रूरी तिथि यानी इस विज्ञापन में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को क्रीमी लेयर में नहीं आते हैं।

जो प्रमाणपत्र दिया जाएगा, वह ज़रूरी तिथि यानी इस विज्ञापन में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि से एक साल से ज़्यादा पुराना नहीं होना चाहिए। अगर इन शर्तों का पालन नहीं किया जाता है, तो आरक्षित स्टेटस (**अपिव-एनसीएल**) के लिए उनका दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा और ऐसे उम्मीदवारों का कैंडिडेटचर/आवेदन, अगर वे सामान्य (अनारक्षित) श्रेणी के लिए सभी पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं, तो उन्हें सिर्फ सामान्य (अनारक्षित) रिक्त के तहत ही माना जाएगा।

**<u>ईडब्ल्यूएस श्रेणी (वित्त वर्ष 2026-27 के लिए मान्य)</u>**

ईडब्ल्यूएस के लिए आरक्षित रिक्त के लिए अप्लाई करने वाले उम्मीदवारों के पास ज़रूरी तिथि यानी इस विज्ञापन में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि तक आय और संपत्ति प्रमाणपत्र होना चाहिए। ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र भारत सरकार के प्रारूप के अनुसार होना चाहिए। अगर इन शर्तों का पालन नहीं किया जाता है, तो ईडब्ल्यूएस के तहत आरक्षित स्टेटस के लिए उनका दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा और ऐसे उम्मीदवारों का कैंडिडेटचर/आवेदन, अगर वे सामान्य (अनारक्षित) श्रेणी के लिए सभी पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं, तो उन्हें केवल सामान्य (अनारक्षित) रिक्त के तहत ही माना जाएगा।

अपिव एनसीएल और ईडब्ल्यूएस श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए, उम्मीदवारों को उनके कार्यग्रहण की तिथि पर वैध अपिव एनसीएल प्रमाणपत्र और ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र (जैसा लागू हो) जमा करने का मौका दिया जाएगा, जो ज़रूरी तिथि यानी इस विज्ञापन में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि तक वैध होना चाहिए। जो आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवार इस अतिरिक्त मौके के बाद भी आवेदन फॉर्म में आरक्षित श्रेणी से संबंधित होने के अपने दावे के सपोर्ट में वैध प्रमाणपत्र नहीं दे पाएंगे; उन्हें अनारक्षित श्रेणी के उम्मीदवार माना जाएगा।

**9.** दस्तावेज़ की हार्ड कॉपी पोस्ट/कूरियर से इस कार्यालय में न भेजें।

**10.** इस ऑनलाइन आवेदन फॉर्म की एक कॉपी, जिसमें पंजीकरण संख्या हो, प्रिंट करके साइन करके अपने पास रखनी है। इसे नीचे दिए गए दस्तावेज़ की स्व अभिप्रमाणित फोटोकॉपी के साथ, बिल्कुल इसी ऑर्डर में जमा करना है। (अगर इंटरव्यू के दिन दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया जाता है):

- क) **1** नवीनतम पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो
- ख) जन्म तिथि के प्रमाण के लिए हाई स्कूल प्रमाण पत्र
- ग) शैक्षणिक और पेशेवर अर्हता के प्रमाणपत्र और सभी सेमेस्टर/वर्ष के सभी अर्हता के अंक पत्र (**Xth, XIIth,** डिप्लोमा/स्नातक/स्नातकोत्तर जैसा लागू हो)
- घ) भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में ईडब्ल्यूएस/ अजा/अजजा/अपिव प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)
- ङ) पहचान और पते का प्रमाण (पासपोर्ट, वोटर आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड आदि)
- च) पैन कार्ड
- छ) आवेदन फॉर्म में बताए गए अलग-अलग समय के अनुभव का सबूत (अगर लागू हो)
- ज) आपके उम्मीदवारी के समर्थन में कोई अन्य दस्तावेज़
- झ) नवीनतम प्रारूप के अनुसार **PwBD** प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)।

**11.** चयन के समय (अगर बुलाया जाता है) उम्मीदवार को मूल प्रशंसापत्र /दस्तावेज़ के साथ उनकी एक स्व प्रमाणित प्रति भी दिखानी होगी। सत्यापन के बाद मूल प्रति वापस कर दी जाएंगी।.

**12.** सिर्फ़ पोस्ट के लिए अप्लाई करने/दस्तावेज़ जमा करने/चयन में शामिल होने या अर्हता करने से उम्मीदवार को चयन का दावा करने का कोई अधिकार नहीं मिल जाता। अगर यह पाया जाता है कि कोई उम्मीदवार विज्ञापन में बताए गए पात्रता क्राइटेरिया को पूरा नहीं करता है, तो उसका उम्मीदवार तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा।

**13.** उम्मीदवारों को अपनी उम्मीदवारी से जुड़ी सभी विवरण जमा करनी होंगी, जैसे व्यक्तिगत विवरण, एजुकेशनल अर्हता विवरण, अनुभव विवरण, श्रेणी वगैरह। इस संबंध में, अगर भविष्य में कोई भी जानकारी छिपाई हुई पाई जाती है, तो उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

**14.** अगर किसी उम्मीदवार का किया गया कोई भी दावा गलत पाया जाता है, तो उसका उम्मीदवारों तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा।

15. उम्मीदवारों को एक रिक्त के लिए सिर्फ़ एक ही आवेदन सबमिट करना चाहिए और एक बार सबमिट किया गया आवेदन बदला नहीं जा सकता। ऑनलाइन आवेदन सबमिट करने के लिए एक वैध ई-मेल आईडी ज़रूरी है। राइट्स उम्मीदवारों को भेजे गए किसी भी ई-मेल के बाउंस होने के लिए ज़िम्मेदार नहीं होगा। हालांकि, उम्मीदवारों अलग-अलग कितनी भी रिक्त के लिए अप्लाई कर सकते हैं।

**16. उम्मीदवारों को अनुलग्नक क, ठीक से भरी हुई दो कॉपी और उसमें बताए गए दस्तावेज़ को सही क्रम में लाकर दस्तावेज सत्यापन/चयन प्रक्रिया के समय जमा करना होगा।**

## सामान्य अनुदेश

1. प्रबंधन को कोई भी अन्य नोटिस जारी किए बिना तथा बिना कोई कारण बताए किसी भी स्तर पर चयन/भर्ती प्रक्रिया को रद्द/प्रतिबंधित/विस्तारित/संशोधित/ परिवर्तित करने का अधिकार है।
2. रिक्तियों की संख्या में बदलाव हो सकता है।
3. सेवारत सरकारी/पीएसयू के कर्मचारियों का चयन होने की स्थिति में अपने मूल संगठन से समुचित रूप से कार्य-मुक्त होने पर ही उन्हें कार्यभार ग्रहण करने की अनुमति दी जाएगी।
4. आवेदन करने से पूर्व उम्मीदवार आवेदित पद के लिए अपनी पात्रता के बारे में स्वयं संतुष्टि कर लें।
5. यदि भर्ती के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि कोई उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है और/या उसने कोई गलत/असत्य जानकारी दी है या कोई महत्वपूर्ण तथ्य छिपाया है, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है। यदि नियुक्ति के बाद भी इनमें से कोई भी कमी पाई जाती है, तो उसकी सेवाएँ समाप्त की जा सकती हैं।
6. **इस विज्ञापन से संबंधित कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट केवल कंपनी की वेबसाइट www.rites.com पर ही प्रदर्शित किया जाएगा। इसलिए, आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे किसी भी अद्यतन जानकारी के लिए कंपनी की वेबसाइट देखते रहें।**
7. ऑफर लेटर को अनुभव के प्रूफ के तौर पर नहीं माना जाएगा और उम्मीदवार को अनुभव क्लेम करने के लिए कार्यभार ग्रहण और कार्यमुक्ति आदेश / अनुभव प्रमाणपत्र जमा करना होगा।
8. किसी विवाद के मामले में कानूनी क्षेत्राधिकार दिल्ली होगा।
9. किसी भी प्रकार का ट्रेन/बस किराया/टीए/डीए देय नहीं होगा।
10. **आयु, अनुभव और अन्य सभी पात्रता मानदंड की गणना आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि (कट-ऑफ तिथि 21.06.2026) के अनुसार की जाएगी ।**
11. पात्रता प्राप्त करने की तिथि निम्नलिखित में से सबसे पहले होगी:-

    I. संबंधित माह का अंतिम दिन जिसमें अर्हता डिग्री की अंतिम परीक्षा आयोजित की गई हो। ऐसे मामलों में जहाँ लिखित परीक्षा की तिथि का स्पष्ट उल्लेख किया हो, उसे अर्हता प्राप्त करने की तिथि माना जाएगा।

    II. परिणाम घोषित होने की तिथि

    III. मार्कशीट/अंकतालिका जारी होने की तिथि

    IV. डिग्री/प्रमाणपत्र जारी होने की तिथि

    इस संबंध में कोई छूट नहीं दी जाएगी। इस संबंध में कोई और रियायत प्रदान नहीं की जाएगी।

12. **जहां शैक्षणिक अर्हता में अर्हक डिग्री में विशेषज्ञता की आवश्यकता है, वहां अभ्यर्थी को विश्वविद्यालय/संस्थान से एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें अर्हक डिग्री में विशेषज्ञता को स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट किया गया हो।**

## राइट्स से संपर्क

इस भर्ती प्रक्रिया से संबंधित कोई भी जानकारी पंजीकरण के समय उम्मीदवार द्वारा दिए गए ईमेल पते पर उपलब्ध कराई जाएगी और/या राइट्स की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आगे की जानकारी के लिए समय-समय पर वेबसाइट देखते रहें।

अभ्यर्थियों को अपने प्रश्नों के समाधान के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ने तथा राइट्स वेबसाइट पर कैरियर अनुभाग के अंतर्गत अपलोड किए गए "अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू)" को पढ़ने की सलाह दी जाती है।

**अगर कोई सवाल हैं, तो उन्हें सिर्फ़ Cont.rectt@rites.com पर ही भेजें और उनमें ये विवरण ज़रूर शामिल करें:**

i. वीसी सं.

ii. पंजीकरण /रोल नं.

iii. अभ्यर्थी का पूरा नाम बड़े अक्षरों में

iv. आवेदन में दी गई वैध ई-मेल आई डी

उपर्युक्त ब्यौरा न होने पर पत्राचार का उत्तर नहीं दिया जाएगा।

कोई भी सवाल/दिक्कत राइट्स को अंतिम तिथि से काफी पहले बता देनी चाहिए, ताकि सही और वाजिब शिकायत को दूर करने का मौका मिल सके।

अंतिम समय में सामने आई दिक्कतों की वजह से आवेदन पत्र जमा न होने पर राइट्स ज़िम्मेदार नहीं होगा।

**विज्ञापन में पहले से दी गई जानकारी से जुड़े सवालों पर ध्यान नहीं दिया जाएगा।**

**अनुलग्नक - क**

**राइट्स लिमिटेड**

**दस्तावेज़ जमा करने की चेक-लिस्ट**

अपने आवेदन के संदर्भ में, मैं अपेक्षित दस्तावेज तथा अपने प्रमाणपत्रों की स्व-सत्यापित फोटोकॉपी निम्नानुसार प्रस्तुत कर रहा हूँ (कालानुक्रमिक क्रम में):

| क्र. सं. | दस्तावेज़ का नाम | प्रस्तुत (हां/नहीं) | टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| 01 | जन्म तिथि के प्रमाण के लिए 10वीं /हाईस्कूल प्रमाण पत्र | | |
| 02 | 12वीं की मार्कशीट | | |
| 03 | डिप्लोमा / स्नातक मार्कशीट - सभी सेमेस्टर | | |
| 04 | डिप्लोमा / स्नातक प्रमाणपत्र | | |
| 05 | पोस्ट ग्रेजुएशन की सभी सेमेस्टर की मार्कशीट | | |
| 06 | स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र (जैसा लागू हो) | | |
| 07 | पीएचडी मार्कशीट और प्रमाण पत्र, यदि कोई हो | | |
| 08 | कृपया अन्य शैक्षणिक अर्हता/प्रमाणन बताएं<br>निर्दिष्ट करें: ____________________ | | |
| 09 | प्रस्तुत अनुभव प्रमाण पत्रों की सूची:<br>1. ____________________<br>2. ____________________<br>3. ____________________ | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | 4. ________________________<br>5. ________________________<br>6. ________________________<br>7. ________________________ | | |
| 10 | अंतिम कंपनी रिलीविंग लेटर/अनुभव प्रमाण पत्र, एनओसी (सरकारी/पीएसयू कर्मचारियों के लिए) | | |
| 11 | आधार कार्ड | | |
| 12 | पैन कार्ड | | |
| 13 | 02 नवीनतम पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटो | | |

मैं यह भी प्रमाणित करता/करती हूँ कि उपर्युक्त दस्तावेज़ मेरी जानकारी के अनुसार प्रामाणिक, वैध और सत्य हैं। यदि उपर्युक्त दस्तावेज़ों में से कोई भी या उनमें निहित कोई भी जानकारी झूठी पाई जाती है, तो मेरी उम्मीदवारी/नौकरी तुरंत अस्वीकृत/रद्द की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| उम्मीदवार के हस्ताक्षर | |
| उम्मीदवार का नाम | |
| दस्तावेज़ जमा करने की तिथि | |
| पद नाम | |
| वी.सी. संख्या जिसके विरुद्ध दस्तावेज़ प्रस्तुत किए गए हैं | |

**केवल आधिकारिक प्रयोग के लिए** ________________________________________

मैंने अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत उपर्युक्त दस्तावेजों का सत्यापन कर लिया है और पाया है कि वे कंपनी की अनिवार्यता(ओं) के अनुसार सही **हैं/नहीं हैं (इनमें से किसी एक को काट दें)।**

| |
|---|
| |

| | |
|---|---|
| दस्तावेजों की कमी के संबंध में कोई अन्य टिप्पणी/विवरण: | |
| दस्तावेज़ स्वीकार करने वाले अधिकारी के हस्ताक्षर | |
| दस्तावेज़ स्वीकार करने वाले अधिकारी का नाम | |
| दस्तावेज़ स्वीकार करने वाले अधिकारी का पदनाम | |
| तिथि | |